भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

**राज्यसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1528**
**31.07.2026 को उत्तर के लिए नियत**

**महाराष्ट्र में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग अवसंरचना और फेम (एफएएमई) योजना**

1528 **श्री मिलिंद मुरली देवरा:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) फेम इंडिया (एफएएमई इंडिया) योजना के चरण-। एवं चरण-II के अंतर्गत वर्ष 2019-20 से वर्ष 2023-24 तक महाराष्ट्र में संस्वीकृत, संस्थापित एवं परिचालित सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशनों का जिला-वार, शहर-वार तथा वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग अवसंरचना हेतु संस्वीकृत, जारी और उपयोग की गई केंद्रीय निधि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) फेम चरण II के अंतर्गत महाराष्ट्र में एमएसआरटीसी, पीएमपीएमएल, बीईएसटी और अन्य अभिकरणों को संस्वीकृत और प्रदत्त विद्युत बसों की संख्या कितनी-कितनी है;
(घ) क्या फेम-वित्त पोषित कोई चार्जिंग स्टेशन गैर-कार्यात्मक, घटिया स्तर के हैं या अंतर-संचालनीयता मानदंडों का अनुपालन नहीं करते हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) टियर-II एवं टियर-III शहरों में समान परिनियोजन को सुनिश्चित करने वाले उपाय कौन-से हैं?

**उत्तर**
**भारी उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

**(क) और (ख):** भारी उद्योग मंत्रालय ने फेम इंडिया स्कीम चरण-II के अंतर्गत भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड नामक तीन तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को महाराष्ट्र सहित पूरे देश में इलेक्ट्रिक वाहन सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों (ईवीपीसीएस) की स्थापना के लिए ₹873.50 करोड़ की वित्तीय सहायता स्वीकृत की। स्कीम के अंतर्गत इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों के लिए राज्य-वार, जिला-वार अथवा शहर-वार कोई पृथक आवंटन अथवा स्वीकृति प्रदान नहीं की गई थी।

तालिका **1 :** दिनांक 01.07.2026 की स्थिति के अनुसार महाराष्ट्र में फेम-II के अंतर्गत संस्थापित एवं परिचालनरत इलेक्ट्रिक वाहन सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों (ईवीपीसीएस) की स्थिति

| **राज्य** | **संस्थापित ईवीपीसीएस** | **परिचालनरत/विद्युतीकृत ईवीपीसीएस** |
|---|---|---|
| महाराष्ट्र | 775 | 710 |

तीनों तेल विपणन कंपनियों से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार, फेम-II के अंतर्गत महाराष्ट्र में इन तीनों तेल विपणन कंपनियों द्वारा संस्थापित एवं परिचालनरत ईवीपीसीएस का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, फेम-I स्कीम का कार्यान्वयन अप्रैल, 2015 से मार्च, 2019 तक किया गया था। दिनांक 26.07.2022 की पीआईबी विज्ञप्ति में प्रकाशित जानकारी के अनुसार, फेम-I स्कीम के अंतर्गत मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर 17 ईवीसीएस परिचालनरत थे।

**(ग):** फेम इंडिया स्कीम चरण-II के अंतर्गत महाराष्ट्र में तैनाती के लिए 830 इलेक्ट्रिक बसों को स्वीकृति प्रदान की गई थी। ये सभी 830 इलेक्ट्रिक बसें संबंधित राज्य परिवहन उपक्रमों (एसटीयू) को उपलब्ध करा दी गई हैं। एसटीयू-वार विवरण निम्नानुसार है:

**तालिका 2 :** फेम इंडिया स्कीम चरण-II के अंतर्गत महाराष्ट्र में स्वीकृत एवं वितरित ई-बसों की संख्या

| **क्र. सं.** | **एसटीयू का नाम** | **महाराष्ट्र में स्वीकृत एवं वितरित ई-बसों की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन (बेस्ट) | 340 |
| 2 | पुणे महानगर परिवहन महामंडल लिमिटेड (पीएमपीएमएल) | 150 |
| 3 | महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) | 150 |
| 4 | नवी मुंबई नगर परिवहन (एनएमएमटी) | 150 |
| 5 | नागपुर नगर निगम (एनएमसी) | 40 |
| **कुल** | | **830** |

**(घ):** फेम-II के अंतर्गत तीन तेल विपणन कंपनियों को देशभर में संस्थापित किए जाने हेतु स्वीकृत कुल 8,932 चार्जर्स में से 8,189 वर्तमान में क्रियाशील/विद्युतीकृत हैं। इसके अतिरिक्त, फेम-II के अंतर्गत स्वीकृत किसी भी ईवीपीसीएस को अंतर-संचालनीयता मानकों के अनुरूप न होने वाला अथवा निम्न गुणवत्ता का नहीं पाया गया है।

**(ङ):** फेम-II स्कीम के अंतर्गत ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना टियर-II एवं टियर-III शहरों सहित अखिल भारतीय स्तर पर की गई।

******

संलग्नक

दिनांक 01.07.2026 की स्थिति के अनुसार महाराष्ट्र में जिला-वार संस्थापित एवं परिचालनरत ईवीपीसीएस का विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | जिले का नाम | ईवीपीसीएस की संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | संस्थापित | परिचालनरत/विद्युतीकृत |
| 1 | अहमदनगर (अहिल्यानगर) | 30 | 30 |
| 2 | अकोला | 15 | 13 |
| 3 | अमरावती | 12 | 9 |
| 4 | औरंगाबाद (छत्रपति संभाजी नगर) | 42 | 37 |
| 5 | बीड | 16 | 16 |
| 6 | भंडारा | 12 | 12 |
| 7 | बुलढाना | 20 | 17 |
| 8 | चंद्रपुर | 11 | 10 |
| 9 | धुले | 23 | 22 |
| 10 | गढ़चिरोली | 5 | 5 |
| 11 | गोंदिया | 11 | 9 |
| 12 | हिंगोली | 7 | 6 |
| 13 | जलगांव | 31 | 28 |
| 14 | जलना | 10 | 9 |
| 15 | कोल्हापुर | 35 | 35 |
| 16 | लातूर | 10 | 10 |
| 17 | मुंबई शहर | 6 | 6 |
| 18 | मुंबई उपनगर | 13 | 8 |
| 19 | नागपुर | 35 | 34 |
| 20 | नांदेड़ | 14 | 14 |
| 21 | नंदुरबार | 12 | 12 |
| 22 | नासिक | 82 | 70 |
| 23 | उस्मानाबाद (धाराशिव) | 11 | 11 |
| 24 | पालघर | 25 | 20 |
| 25 | परभनी | 6 | 6 |
| 26 | पुणे | 84 | 82 |
| 27 | रायगढ़ | 25 | 19 |
| 28 | रत्नागिरि | 12 | 12 |
| 29 | सांगली | 19 | 16 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 30 | सतारा | 35 | 34 |
| 31 | सिंधुदुर्ग | 7 | 7 |
| 32 | सोलापुर | 19 | 19 |
| 33 | ठाणे | 32 | 27 |
| 34 | वर्धा | 23 | 22 |
| 35 | वाशिम | 2 | 2 |
| 36 | यवतमाल | 23 | 21 |
| | **कुल =** | **775** | **710** |

स्रोत: आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल